राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

शुद्धि पत्र संख्या – 17/2018–19

क्रमांक : एफ. 6 (05) परीक्षा /EP-I/SI-PC/2016–17/213 **दिनांक : 16.08.2018**

आयोग के विज्ञापन संख्या 05/SI-PC/परीक्षा/2016–17 दिनांक 05.10.2016 के तहत् गृह विभाग के लिए पुलिस उपनिरीक्षक के पदों हेतु दिनांक 07.10.2016 से दिनांक 06.11.2016 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र RPSC Portal पर आमंत्रित किये गये थे। **जिन अभ्यर्थियों ने उक्त विज्ञापन के तहत् RPSC Portal पर ऑनलाईन आवेदन किये थे, अब उन्हें SSO ID से Recruitment Portal के माध्यम से पुनः नवीन ऑनलाईन आवेदन करना होगा।**

आयोग द्वारा वर्ष 2018–19 में SSO ID से Recruitment Portal के माध्यम से उक्त पदों हेतु पुनः शुद्धि पत्र संख्या 01/2018–19 दिनांक 03.04.2018, 04/2018–19 दिनांक 04.05.2018, 05/2018–19 दिनांक 15.05.2018 एवं शुद्धि पत्र संख्या 16/2018–19 दिनांक 25.07.2018 के तहत् ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये थे। **उक्त शुद्धि पत्रों के तहत् आवेदित नवीन अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

RPSC Portal पर आवेदित पूर्व के अभ्यर्थियों हेतु SSO ID के माध्यम से नवीन आवेदन करने हेतु प्रकिया :–

1. अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Apply online link को Select कर या सीधे ही एस.एस.ओ. (SSO) पोर्टल पर लोगिन कर Recruitment Portal सर्विस का चयन कर अपनी Old Application ID के माध्यम से उक्त पदों हेतु नवीन आवेदन करें। इस हेतु आवेदक को SSO ID उपलब्ध होनी चाहिये। अगर आवेदक का SSO ID नहीं है तो वह sso.rajasthan.gov.in पर SSO ID बना सकता है।
2. पूर्व के आवेदक जिन्होंने **RPSC Portal पर** ऑनलाईन आवेदन किया है वे अपनी old Application Id के माध्यम से नवीन आवेदन पत्र भर सकेगें जिसके भरे जाने के उपरान्त नवीन आवेदन की आईडी (New Application Id) जारी की जायेगी। आवेदक की पुरानी आवेदन आईडी डाटाबेस द्वारा सत्यापित की जायेगी जिसके पश्चात ही आवेदक अपना विवरण नवीन आवेदन पत्र में भर सकेगा। **इसके लिए उसे परीक्षा शुल्क का दुबारा भुगतान नहीं करना होगा।**
3. यदि कोई आवेदक किसी अन्य आवेदक की Application Id का प्रयोग कर अवैध तरीके से आवेदन करता है तो डाटाबेस से मिलान करने के पश्चात् अवैध रूप से भरा गया आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा तथा उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अतः आवेदक स्वयं की Application Id का ही प्रयोग कर आवेदन करें।
4. **पूर्व के आवेदक के द्वारा नवीन पोर्टल पर आवेदन किये जाने पर ही उसे परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।**
5. **पुराने ऑनलाईन आवेदन पत्र के आधार पर किसी अभ्यर्थी को इस भर्ती के लिए पात्र नहीं माना जायेगा।**
6. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की सुविधा **दिनांक 27.08.2018 से दिनांक 10.09.2018 रात्रि 12.00 बजे तक पूर्व में आवेदित अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क रहेगी।** साथ ही **आवेदन पत्र में ऑनलाईन संशोधन की दिनांक 11.09.2018 से दिनांक 17.09.2018 रात्रि 12.00 बजे तक रहेगी।** इसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जायेगा।
7. आवेदक ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाईन आवेदन करें। इसके पश्चात् आवेदन की अंतिम दिनांक बढाई नहीं जायेगी। आवेदन पत्र भरने के उपरान्त आवेदक उसका प्रिन्ट आवश्यक रूप से प्राप्त कर लेंवे।
8. विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

(पी.सी. बेरवाल)
सचिव